**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालनऔर डेयरी मंत्रालय**

**मत्स्यपालन विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- *429**

**दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न**

विषय:मत्स्यन पत्तनों की अवसंरचना

429. श्री जी॰ सेल्वमः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रीयह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा तमिलनाडु में विभिन्नमत्स्यन पत्तनों की अवसंरचना को बेहतर बनानेहेतु अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विशेषकर तमिलनाडुसहित ऐसे मत्स्यन पत्तनों की पहचान करने हेतुकोई सर्वेक्षण किया है जिनमें अवसंरचना औरअन्य सुविधओं का अभाव है, यदि हां, तो तत्संबंधीब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को कतिपय तटीय राज्योंमें मत्स्यन पत्तनों के सर्वेक्षण हेतु विभिन्न राज्यों सेकोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो नये मत्स्यन पत्तनों की स्थापनाके लिये विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष केदौरान प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों का राज्य/संघराज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरीमंत्री**

**(श्री गिरिराजसिंह)**

(क)से(घ)- एक विवरण सदन के पटल पर रखा है।

**मत्स्यन पत्तनों की अवसंरचना विषय पर श्री जी॰ सेल्वम द्वारा पूछे गए दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 429 के उत्तर में संदर्भित विवरणः**

(क)से(घ)- मत्स्यपालन विभाग (डी.ओ.एफ.), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय केंद्रीय प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) नीली क्रांतिः मात्स्यिकी का एकीकृत विकास एवं प्रबंधन के अधीन राज्य सरकारों/राज्य एजेंसियों, संघ राज्य क्षेत्रों, और केंद्र सरकार एजंसियों/संगठनों को नए मत्स्यन पत्तनों, मछली उतराई केंद्रों के विकास तथा विद्यमान मत्स्यन पत्तनों,मछली उतराई केंद्रों के उन्नयन/विस्तार/मरम्मत/नवीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। नीली क्रांतिः मात्स्यिकी के एकीकृत विकास और प्रबंधन पर बनी सी.एस.एस. तमिलनाडु राज्य सहित राज्य सरकारों/राज्य एजेंसियों संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्र सरकार एजेंसियों/संगठन को नौवहन मंत्रालय की सागरमाला यौजना के अंतर्गत उपलब्ध समन्वय निधि के साथ पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान तमिलनाडु सरकार के तेंगापट्टिनम, पूमपुहार, कोलचेल, चिन्नमुट्टम, मूकैयार में मत्स्यन पत्तनों के निर्माण और कुनथुकल में मछली उतराई केंद्रों के निर्माण के लिए 203.67 करोड़ रु. की केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। तमिलनाडु सरकार ने यह सूचित किया है कि इसके अतिरिक्त आपदा तटीय जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक की सहायता से कुल 137.43 करोड़ रु. की लागत से मल्लीपट्टनम में एक नये मत्स्यन पत्तन का निर्माण और नापात्तीनम और पझयार स्थित दो मत्स्यन पत्तनों के आधुनिकीकरण का कार्य किया है। तमिलनाडु सरकार ने यह भी सूचित किया है कि चेन्नई स्थित मत्स्यन पत्तन का विभिन्न एजेंसियों, जिनमें नाबार्ड, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड( एन.एफ.डी.बी.) सुनामी पुनर्वास कार्यक्रम और एन.ए.डी.पी. आदि शामिल हैं, से प्राप्त वित्तीय सहायता से 97.63 करोड़ रु. की कुल लागत से उन्नयन आधुनिकीकरण और नवीकरण किया गया है।

मत्स्यन पत्तनों के प्रस्ताव तैयार करने, निर्माण, निर्माणोत्तर प्रबंधन का कार्य संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा कुछेक मामलों में पत्तन न्यासों द्वारा किया जाता है। सी.एस.एस के अधीन केंद्रीय वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/पत्तन न्यासों को स्थल चयन, आवस्यक इंजिनियरिंग और सामाजिक- आर्थिक अन्वेषण, सर्वेक्षण, हाइड्रोलिक मॉडल अध्ययन, जहां कहीं अपेक्षित हो तथा आवश्यक भूमि अधिग्रहण आदि जैसे पूर्व कार्यान्वयन क्रियाकलाप पूरे कर लेने चाहिएं। संबंधित राज्य सरकार/पत्तन न्यास को चाहिए सी.एस.एस. के अधीन केंद्रीय वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए भूमि की उपलब्धता, पर्यावरण संबंधी अनुमति तथा अपेक्षित मत्स्यन पत्तन सुविधाओं के विकास के लिए अपने हिस्से की आवश्यक वित्तीय सहायता देने की इच्छाशक्ति की पुष्टि सहित ब्यौरेवार परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर) प्रस्तुत करें।

पुनः राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/पोर्टट्रस्ट के अनुरोध पर मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्रालय अपने एक संस्थान, नामतः केंद्रीय मत्स्यन तटीय इंजीनियरिंग संस्थान (सी.आई.सी.ई.एफ.), बैंगलुरू के माध्यम से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/पोर्टट्रस्ट आदि को सहयोग भी प्रदान किया है कि वे मछली उतराई केंद्रों को इंजीनिरयरिंग और आर्थिक पहलुओं पर तकनीकी परामर्श देने के अलावा उनके प्राथमिक निर्माण और तकनीकी आर्थिक व्यवहार्य रिपोर्ट के प्रतिपादन और विस्तृत इंजिनियरिंग और आर्थिक रिपोर्ट का अनुसरण करते हुए टोह सर्वेक्षण रूपी आवश्यक सर्वेक्षण कर सकें

पिछले तीन वर्षों के दौरान सी.आई.सी.ई.एफ.बैंगलुरू ने संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के अनुरोध के आधार पर निम्न स्थानों पर सर्वेक्षण किया है : (i) अवसंरचना अंतरालों तथा मांगों के निर्धारण के लिए पुडुचेरी में दो मत्स्यन पत्तनों नामतः तेंगैथीहु और कारैकाल, (ii) ओडिशा में एक मत्स्यन पत्तन, अस्तरंगा के फेस-II के विस्तार, (iii) ओडिशा में गोपालपुर में वैकल्पिक मत्स्यन पत्तन (iv) महाराष्ट्र राज्य में ससूनगोदी

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा नए मत्स्यन पत्तनों की स्थापना और विद्यमान पत्तनों के विस्तार/नवीकरण के लिए सी.एस.एस. के अधीन पिछले तीन वर्षों (2016 से 2018-19) तथा चालू वित्त वर्ष (2019-20) के दौरान प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। मत्स्यपालन और जलकृषि अवसंरचना विकास निधि (एफ.आई.डी.एफ.) के अधीन प्रस्तुत प्रस्तावों का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

****

**अनुबंध-I**

**मत्स्यन पत्तनों की अवसंरचना से संबंधित विषय पर दिनांक 23 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 429 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध -**

**विद्‌यमान मत्स्यन पत्तनों/मछली उतराई केंद्रों के विस्तार/उन्नयन सहित नये मत्स्यन पत्तनों की स्थापन के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्‌वारा प्रस्तुत पूर्ण प्रस्तावों का ब्यौराः-**

| क्र.सं. | राज्य/सं.रा.क्षे. | मत्स्यन पत्तन का नाम | जिला | अनुमोदित राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | | **विस्तार/मौजूदा मत्स्यपालन पत्तन का उन्नयन** | | |
| 1.1 | महाराष्ट्र | ससून डॉक | मुंबई | 5217.00 |
| 1.2 | गुजरात | मंगरोल मछली पकड़ने के बंदरगाह का तीसरा चरण | जूनागढ़ | 15583.00 |
| 1.3 | पुडुचेरी | थेंगैथिट्टु मछली पकड़ने के बंदरगाह पुडुचेरी का उन्नयन | पुडुचेरी | 1563.00 |
| | | येनाम मछली पकड़ने के बंदरगाह का चरण-॥ विस्तार | येनाम | 3358.00 |
| **2.** | | मछली पकड़ने के नए पत्तन | | |
| 2.1 | तमिलनाडु | मुक्कयर | रामनाथपुरम | 11390.00 |
| 2.2 | कर्नाटक | कुलई | दक्षिण कन्नड़ | 19651.00 |
| | | हेजामदी कोडी | उडुपी | 13860.00 |
| 2.3 | महाराष्ट्र | करंजा | रायगढ़ | 14980.00 |
| | | आनंदवाड़ी | सिंधुदुर्ग | 8844.00 |
| | | वर्सोवा | मुंबई उपनगरीय | 33670.00 |
| 2.4 | ओडिशा | चांदीपुर | बालासोर | 4994.00 |
| 2.5 | गुजरात | नवाबंदर | जूनागढ़ | 29530.00 |
| | | माधवाड़ | जूनागढ़ | 11576.00 |
| 2.6 | आंध्र प्रदेश | जवालैडांइन | एस.पी.एस.आर. नैल्लौर | 28856.00 |
| | | | | |

*****

**अनुबंध -II**

**मत्स्यन पत्तनों की अवसंरचना विषय पर दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 429 के उत्तर में संदर्भित विवरण-**

**मात्स्यिकी और जलकृषि विकास निधि (एफ.आई.डी.एफ.) के अंतर्गत नये मत्स्यन पत्तनों की स्थापना करने/विद्यमान पत्तनों के विस्तार/उन्नयन हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत ब्यौराः-**

| क्र.सं. | **मत्स्य पत्तन का नाम** | जिला | अनुमानित राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| **ए** | तमिलनाडु सरकार का प्रस्ताव | | |
| 1. | तरंगमपडी | नागपट्टिनम | 12000.00 |
| 2. | वेलापालम | नागपट्टिनम | 10000.00 |
| 3. | तिरुवोटियूर कुप्पम | तिरुवल्लुर | 20000.00 |
| 4. | मधुनगर कडलूर स्थित विद्यमान मत्स्यन पत्तन का विकास | कडलूर | 10000.00 |
| | कुल | | 52000.00 |
| बी | आंध्र प्रदेश सरकार का प्रस्ताव | | |
| 1 | उपाडा | पूर्वी गोदावरी | 28940.00 |
| 2 | वोदेरेवु | प्रकाशम | 40922.00 |
| 3 | मछलीपटनम | कृष्णा | 25200.00 |
| 4 | निजामपटनम | गुंटूर | 34078.00 |
| | **कुल** | | **129140.00** |
| | **कुल अनुदान(ए+बी)** | | **192740.00** |

*****